PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Rashtriya Sahara, Delhi
Mon, 15 May 2017, Page 1
Width: 9.64 cms, Height: 18.88 cms, a4, Ref: 43.2017-05-15.11

55 हजार लोगों के संग मोदी लखनऊ में करेंगे योग

■ लखनऊ। (एसएनबी)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह के बीच हुई मुलाकात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर यहां प्रस्तावित कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई। योगी और सिंह के बीच 21 जून को आयोजित कार्यक्रम के लिए रमाबाई मैदान और स्मृति उपवन स्थल पर चर्चा हुई। सिंह ने रमाबाई अम्बेडकर मैदान को कार्यक्रम के लिए सही ठहराया है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को रमाबाई मैदान में होगा मुख्य कार्यक्रम

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लखनऊ में ही योग करेंगे। उनके साथ 55 हजार से अधिक लोगों के योग करने की संभावना है। कार्यक्रम स्थल पर



सुरक्षा के व्यापक बन्दोबस्त किए जाएंगे। प्रधानमंत्री के लिए योग करने की विशेष व्यवस्था होगी।

भाग लेने वालों का होगा पंजीयन : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि लखनऊ के कार्यक्रम में भाग लेने वालों के लिए योगमैट, टीशर्ट और नाश्ते की भी व्यवस्था होगी। कार्यक्रम में शामिल होने वालों का पंजीयन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए शिक्षण संस्थाओं और सामाजिक संगठनों ने सहयोग का वादा किया है।

28 दिन का दिया जाएगा प्रशिक्षण : लखनऊ के सार्वजनिक स्थलों और पार्कों में एलईडी स्क्रीन लगाकर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कराया जाएगा ताकि दूसरे स्थलों पर भी लोग योग कर सकें। कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों को 28 दिन का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

तीसरा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस होगा : संयुक्त राष्ट्रसंघ की मान्यता के बाद यह तीसरा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस होगा। पहला दिल्ली में आयोजित हुआ था जबकि दूसरा योग दिवस चंडीगढ़ में मनाया गया था। दोनों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हजारों लोगों के साथ योग किया था। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने मोदी के प्रस्ताव पर ही 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की मंजूरी दी थी।